## प्रश्नकोश

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**

**1. रॉबर्ट क्लाइव बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल थे।**

**2. विलियम बेंटिक भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**I.A.S. (Pre) 2007**

**उत्तर—(b)**

वॉरेन हेस्टिंग्स को 1774 ई. में बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया। 1834 ई. में लॉर्ड विलियम बेंटिक को भारत का प्रथम गवर्नर जनरल बनाया गया। रॉबर्ट क्लाइव बंगाल का पहला गवर्नर नियुक्त किया गया था, जो इस पद पर 1758-60 ई. एवं 1765-67 ई. की अवधि में रहा।

**2. भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे?**

(a) रॉबर्ट क्लाइव (b) वॉरेन हेस्टिंग्स

(c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड डलहौजी

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 1997**

**उत्तर—(*)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. भारत का प्रथम गवर्नर जनरल कौन था?**

(a) लॉर्ड मेयो (b) लॉर्ड लिट्टन

(c) लॉर्ड कैनिंग (d) लॉर्ड डफरिन

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C. (Pre) (Re-Exam) 2020**

**उत्तर—(e)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**4. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए-**

**1. क्लाइव का पुनः भारत आगमन**

**2. इलाहाबाद की संधि**

**3. बक्सर का युद्ध**

**4. वॉरेन हेस्टिंग्स का भारत का गवर्नर बनना।**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त घटनाओं के घटित होने के कालक्रमानुसार को निम्नलिखित कूट में से सही क्रम का चयन कीजिए।

कूट :

(a) 3, 2, 1, 4 (b) 3, 1, 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 1, 4, 3

**U.P. R.O./ A.R.O. (Re-Exam) (Pre) 2016**

**उत्तर–(*)**

विकल्पगत घटनाओं का कालक्रम इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| बक्सर का युद्ध | - 22 अक्टूबर, 1764 |
| क्लाइव का पुनः भारत आगमन | - 3 मई, 1765 |
| इलाहाबाद की संधि | - अगस्त, 1765 |
| वॉरेन हेस्टिंग्स का बंगाल का गवर्नर बनना | - 1772 ई. |

इस प्रश्न में त्रुटि है। वॉरेन हेस्टिंग्स को भारत का गवर्नर जनरल बताया गया है जो कि गलत है। वह कलकत्ता प्रेसीडेंसी या बंगाल का गवर्नर 1772 ई. में बना तथा 1774 ई. में बंगाल का गवर्नर जनरल बना। निकटतम सही उत्तर विकल्प (b) होगा।

**5. निम्न कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) जन प्रशासन की नींव वॉरेन हेस्टिंग्स द्वारा मजबूती से रखी गई जिस पर ऊपरी संरचना कॉर्नवालिस ने की।
(b) ईस्ट इंडिया कंपनी की असैनिक और सैनिक सुधार करने का श्रेय क्लाइव को था।
(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक सबसे बड़े ब्रिटिश शासकों में से एक था, क्योंकि उसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य को संगृहीत किया।
(d) लॉर्ड डलहौजी ने ध्युति के सिद्धांत के आधार पर ब्रिटिश साम्राज्य में समृद्ध क्षेत्र जोड़े।

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर—(c)**

क्लाइव के समय में असैनिक तथा सैनिक दोनों सुधार हुए। असैनिक सुधारों के अंतर्गत क्लाइव ने उपहार लेना तथा निजी व्यापार बंद करा दिया। उसने आंतरिक कर देना अनिवार्य बना दिया। सैनिक सुधारों के अंतर्गत क्लाइव ने आज्ञा दी कि दोहरा भत्ता बंद कर दिया जाए तथा जनवरी, 1766 से यह भत्ता केवल उन सैनिकों को ही मिलता था, जो बंगाल तथा बिहार की सीमा से बाहर कार्य करते थे। जन प्रशासन की नींव वॉरेन हेस्टिंग्स द्वारा मजबूती से रखी गई थी, जिस पर ऊपरी संरचना कॉर्नवालिस ने तैयार की। कॉर्नवालिस के समय में न्यायिक सुधारों, फौजदारी कानून में सुधारों, पुलिस सुधार, कर संबंधी सुधारों तथा व्यापारिक सुधारों से जन प्रशासन की नींव पड़ी। विलियम बेंटिक (1828-35 ई.) के शासन के 7 वर्षों में पुरानी निरंतर युद्धों तथा संयोजन की नीति को तिलांजलि दे दी गई। भारत के इतिहास में बेंटिक का नाम सामाजिक तथा प्रशासनिक सुधारों के कारण स्मरण किया जाएगा। लॉर्ड डलहौजी (1848-56 ई.) ने व्यपगत के सिद्धांत के अंतर्गत 1848 ई. में सतारा, 1849 ई. में जैतपुर तथा संभलपुर, 1850 ई. में बघाट, 1852 ई. में उदयपुर, 1854 ई. में झांसी तथा 1854 ई. में नागपुर का विलय कर लिया। 1856 ई. में डलहौजी ने अवध का विलय कुप्रशासन के बहाने से किया था।

**6. भारत में ब्रिटिश साम्राज्य का संस्थापक कौन था?**

(a) सी. स्लीमैन (b) लॉर्ड मिंटो
(c) लॉर्ड क्लाइव (d) लॉर्ड मेयो
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C. (Pre) (Re-Exam) 2020**

**उत्तर—(c)**

भारत में ब्रिटिश साम्राज्य का संस्थापक लॉर्ड क्लाइव को माना जाता है। 23 जून, 1757 को हुई प्लासी की लड़ाई में विजेता अंग्रेजी सेना का नेतृत्वकर्ता लॉर्ड क्लाइव था। इसी युद्ध के उपरांत बंगाल में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव पड़ी।

**7. अंग्रेजों के विरुद्ध 'बनारस विद्रोह' का नेतृत्व किसने किया था?**

(a) शुजाउद्दौला (b) आसफउद्दौला
(c) राजा चेत सिंह (d) राजा महीप नारायण सिंह

**U.P.R.O./A.R.O. (Pre) 2021**

**उत्तर—(c)**

'बनारस विद्रोह' राजा चेत सिंह द्वारा 1781 ई. में किया गया था। इस विद्रोह में तत्कालीन गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स ने अपने सैनिकों के साथ भागकर चुनार के किले में शरण लिया।

**8. कलकत्ता में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना के समय बंगाल का गवर्नर जनरल कौन था?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस (b) लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड बेंटिक

**U.P.P.S.C. (R.I.) 2014**

**उत्तर—(b)**

15 जनवरी, 1784 को एशियाटिक सोसायटी की स्थापना के समय बंगाल का गवर्नर जनरल लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स (1774-1785 ई.) था।

**9. 'सुरक्षा प्रकोष्ठ' की नीति संबंधित है—**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स से (b) लॉर्ड डलहौजी से
(c) हेनरी लॉरेंस से (d) लॉर्ड हेस्टिंग्स से

**U.P.P.C.S. (Pre) 2006**

**उत्तर—(a)**

'सुरक्षा प्रकोष्ठ' या घेरे की नीति से वॉरेन हेस्टिंग्स तथा वेलेजली संबंधित थे। वॉरेन हेस्टिंग्स ने मैसूर और मराठों के साथ युद्ध, अन्य भारतीय रियासतों के साथ बराबरी की पदवी प्राप्त करने की भावना से किया। इस समय कंपनी ने अपने राज्य के चारों ओर मध्य राज्य (Buffer State) बनाने का प्रयत्न किया। कंपनी का उद्देश्य केवल अपने राज्य की रक्षा करना था अथवा हम यह भी कह सकते हैं कि अपने पड़ोसी राज्यों की सीमाओं की रक्षा करो ताकि अपनी सीमाएं सुरक्षित रहें। उस समय भय मुख्यतः अफगानों और मराठों से था। इसलिए कंपनी



Scanned with OKEN Scanner

ने अवध की रक्षा व्यवस्था के कार्य को इस शर्त पर संभाला कि अवध का नवाब उस व्यय का बोझ उठाए और इस प्रकार अवध की रक्षा ही बंगाल की रक्षा थी। वेलेजली के आने से कंपनी के भारतीय रियासतों के साथ संबंधों में परिवर्तन आया। वेलेजली का उद्देश्य भारतीय रियासतों को अपनी रक्षार्थ कंपनी पर निर्भर करने पर बाध्य करना था। उसने भारतीय रियासतों को अंग्रेजी राजनीतिक शक्ति के और सैनिक रक्षा के घेरे में लाने का प्रयत्न किया।

**10. 'रिंग फेंस' नीति का संबंध इनमें से किससे है?**

(a) हेनरी लॉरेंस (b) डलहौजी

(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) लॉर्ड क्लाइव

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. निम्नलिखित में किसने बंगाल में द्वैध-शासन प्रणाली (Dual Government) को समाप्त किया?**

(a) रॉबर्ट क्लाइव (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस

(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

**47th B.P.S.C. (Pre) 2005**

**41st B.P.S.C. (Pre) 1996**

**उत्तर–(c)**

वॉरेन हेस्टिंग्स के कार्यकाल में 1772 ई. में 'कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स' ने दोहरी शासन प्रणाली को समाप्त करने का निर्णय लिया तथा कलकत्ता परिषद एवं उसके प्रधान को आज्ञा दी कि वे स्वयं दीवान बनें और बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा के प्रबंध को अपने हाथ में ले लें। वॉरेन हेस्टिंग्स ने दोनों उप-दीवानों मुहम्मद रजा खां और राजा शिताब राय को पदच्युत कर दिया। द्वैध शासन की शुरुआत बंगाल में क्लाइव के समय में 1765 ई. में हुई थी।

**12. बंगाल में द्विशासन प्रणाली किसके द्वारा लागू की गई?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स

(b) विलियम बेंटिक

(c) रॉबर्ट क्लाइव

(d) लॉर्ड कर्जन

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C (Pre) 2020**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**13. किस गवर्नर जनरल पर महाभियोग का मुकदमा चलाया गया?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड क्लाइव

(c) लॉर्ड कॉर्नवालिस (d) लॉर्ड वेलेजली

**M.P. P.C.S. (Pre) 1992**

**उत्तर–(a)**

वॉरेन हेस्टिंग्स के अन्यायपूर्ण तथा निरंकुश कार्यों के कारण उस पर महाभियोग का मुकदमा चलाया गया, जो 1788 से 1795 ई. तक चलता रहा। किंतु ब्रिटिश संसद ने उसकी सेवाओं को देखते हुए उसे सभी दोषों से मुक्त कर दिया। यह भी कहा गया कि वॉरेन हेस्टिंग्स ने यह सब कुछ साम्राज्य के हित के लिए किया न कि अपने [illegible]। वॉरेन हेस्टिंग्स पर लगे महाभियोग के बारे में विद्वानों के मत भिन्न हैं किंतु वी.ए. स्मिथ का निर्णय अधिक मान्य है। वह लिखते हैं–"[illegible] थोड़े से दोष जहां तक वे वास्तव में दोष थे, उस राजनीतिज्ञ के दोष थे जिस पर सहसा ही संकट आ पड़ा हो तथा जिस पर इतनी [illegible] उलझनें आ पड़ी हों कि कभी-कभी मानवीय समझ में भूल-चूक हो जानी आवश्यक ही थी।"

**14. निम्नलिखित में से किस पर ब्रिटिश संसद में महाभियोग का मुकदमा चलाया गया था?**

(a) सर जॉन शोर (b) लॉर्ड क्लाइव

(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) जनरल डायर

**U.P. P.C.S. (Mains) 2006**

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. वेलोर का विद्रोह किस गवर्नर जनरल के समय हुआ था?**

(a) वेलेजली (b) लॉर्ड मिंटो

(c) लॉर्ड कॉर्नवालिस (d) सर जॉर्ज बार्लो

(e) इनमें से कोई नहीं

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2016**

**उत्तर–(d)**

1806 ई. में वेल्लोर (वेलोर) की मद्रास सेना के भारतीय सैनिकों ने एक विशेष प्रकार की पगड़ी पहनने, दाढ़ी मुंडवाने तथा तिलक न लगाने के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। इस समय गवर्नर जनरल सर जॉर्ज बार्लो था। इसी के काल में बैंक ऑफ कलकत्ता की भी स्थापना की गई। वेल्लोर के विद्रोह को 1857 की क्रांति का पूर्वगामी भी माना जाता है।

**16. भारत में न्यायिक संगठन की स्थापना किसने की?**

(a) लॉर्ड मेयो (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस

(c) लॉर्ड एटली (d) लॉर्ड कर्जन

**U.P. P.C.S. (Pre) 1991**

**उत्तर–(b)**



Scanned with OKEN Scanner

दीवानी और फौजदारी न्यायालय के श्रेणीबद्ध संगठन के जरिए न्याय प्रदान करने की एक नई व्यवस्था की नींव अंग्रेजों ने रखी। इस व्यवस्था को वॉरेन हेस्टिंग्स ने आरंभ किया, मगर कॉर्नवालिस ने इसे और सुदृढ़ बनाया। 1793 ई. की 'कॉर्नवालिस संहिता' शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत पर आधारित थी, जिसके तहत कर और न्याय प्रशासन को पृथक कर दिया गया।

**17. निम्नलिखित में से किस गवर्नर जनरल ने भारत की प्रसंविदाबद्ध सिविल सेवा (कोवेनैन्टेड सिविल सर्विस ऑफ इंडिया) का सृजन किया, जो कालांतर में भारतीय सिविल सेवा के नाम से जानी गई?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) वेलेजली
(c) कॉर्नवालिस (d) विलियम बेंटिक

**I.A.S. (Pre) 2010**

**उत्तर—(c)**

भारत की प्रसंविदाबद्ध सिविल सेवा या लोक सेवा का सृजन कॉर्नवालिस द्वारा किया गया। बंगाल का गवर्नर जनरल बनने के बाद कॉर्नवालिस ने प्रशासन को पुनर्गठित किया तथा राजस्व बोर्डों को भंग कर इसके संबंध में नए नियम बनाए तथा कंपनी के अधिकारियों के व्यक्तिगत व्यापार के संबंध में भी नए नियम बनाए। उसने 'कॉर्नवालिस कोड' के माध्यम से दीवानी तथा न्यायिक क्षेत्रों में स्पष्ट विभाजन किया, जिसने आगे चलकर भारतीय सिविल सेवा का रूप लिया।

**18. भारतीय लोक सेवा का प्रवर्तन किया गया—**

(a) बेंटिक के शासनकाल में
(b) कॉर्नवालिस के शासनकाल में
(c) कर्जन के शासनकाल में
(d) डलहौजी के शासनकाल में

**U.P. P.C.S.(Spl.) (Mains) 2004**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में किसे प्रायः ''कंपनी बहादुर की शानो-शौकत'' का स्थानीय प्रतिनिधि कहा जाता था?**

(a) कोतवाल (b) दरोगा
(c) अमला (d) जमींदार

**U.P.R.O./A.R.O. (Pre) 2021**

**उत्तर—(b)**

1793 ई. में लॉर्ड कॉर्नवालिस ने जमींदारों को उनके पुलिस कर्तव्यों से अलग कर प्रत्येक बीस से तीस वर्ग मील के क्षेत्र में थाना स्थापित किया तथा दरोगा नामक पुलिस अधिकारी नियुक्त किया। दरोगा की नियुक्ति एवं पर्यवेक्षण मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाता था। किसान दरोगा को ''कंपनी बहादुर की शानो-शौकत'' का स्थानीय प्रतिनिधि मानते थे।

**20. लॉर्ड कॉर्नवालिस की कब्र कहां स्थित है?**

(a) गाजीपुर (b) बलिया
(c) वाराणसी (d) गोरखपुर

**U.P.P.C.S (Mains) 2011**

**उत्तर—(a)**

लॉर्ड कॉर्नवालिस 1786-1793 ई. एवं 30 जुलाई, 1805 से 5 अक्टूबर, 1805 तक बंगाल का गवर्नर जनरल रहा। इसे भारत में इस्तमरारी अथवा स्थायी बंदोबस्त, न्यायिक संहिता एवं भारतीय लोक सेवा के प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है। इसकी मृत्यु 5 अक्टूबर, 1805 को गाजीपुर (उ.प्र.) में हुई थी। यहीं पर इसकी कब्र स्थित है।

**21. लॉर्ड वेलेजली द्वारा लागू की गई सहायक संधि व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लागू नहीं होता?**

(a) दूसरों के खर्च पर एक बड़ी सेना बनाए रखना
(b) भारत को नेपोलियन के खतरे से सुरक्षित रखना
(c) कंपनी के लिए एक नियत आय का प्रबंध करना
(d) भारतीय रियासतों के ऊपर ब्रिटिश सर्वोच्चता स्थापित करना

**I.A.S. (Pre) 2018**

**उत्तर—(c)**

लॉर्ड वेलेजली ने भारतीय राज्यों को अंग्रेजी राजनैतिक परिधि में लाने के लिए सहायक संधि प्रणाली का प्रयोग किया। उस समय फ्रांस के विरुद्ध यूरोपीय शक्तियों का बना हुआ मोर्चा छिन्न-भिन्न हो चुका था। नेपोलियन मिस्र तथा सीरिया को विजित कर चुका था और गंभीरतापूर्वक भारत पर आक्रमण करने की सोच रहा था। ऐसी परिस्थिति में वेलेजली ने भारत में सहायक संधि प्रणाली का प्रयोग किया, जिससे अंग्रेजी सत्ता की श्रेष्ठता स्थापित हो गई और नेपोलियन का भय भी टल गया। सहायक संधि की शर्तों में एक शर्त यह भी थी कि संधि को स्वीकार करने वाली रियासत कंपनी की एक सेना को रखेगी, जिसका सारा खर्च राज्य को देना होगा। इस सेना को चलाने का अधिकार केवल कंपनी को होगा। सहायक संधि को स्वीकार करने वाला राज्य किसी भी यूरोपीय या अंग्रेजों के दुश्मनों की सहायता नहीं करेगा और उनके किसी भी व्यक्ति को नौकरी नहीं देगा।

**22. लॉर्ड वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला मराठा सरदार था—**

(a) पेशवा बाजीराव II
(b) रघुजी भोंसले
(c) दौलतराव सिंधिया
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41st B.P.S.C. (Pre) 1996**

**उत्तर—(a)**



Scanned with OKEN Scanner

दौलतराव सिंधिया और जसवंत होल्कर दोनों पूना में अपने को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शित करना चाहते थे। बाजीराव द्वितीय सिंधिया का साथ दे रहा था। उसने 1801 ई. में जसवंत के भाई की हत्या कर दी, परिणामस्वरूप जसवंत होल्कर की सेना ने पूना पर आक्रमण कर पेशवा और सिंधिया की संयुक्त सेना को परास्त कर दिया। बाजीराव द्वितीय ने भाग कर बसीन में शरण ली तथा 31 दिसंबर, 1802 को अंग्रेजों से 'बसीन की संधि' की। संधि के अनुसार, पेशवा बाजीराव द्वितीय ने अंग्रेजों की संरक्षकता स्वीकार कर ली। यह संधि मराठों द्वारा अंग्रेजों के साथ की गई प्रथम सहायक संधि थी।

**23. 1802 की 'बसीन की संधि' पर हस्ताक्षर किसके मध्य हुए थे?**

(a) अंग्रेज तथा बाजीराव I (b) अंग्रेज तथा बाजीराव II

(c) फ्रांसीसी तथा बाजीराव I (d) डच तथा बाजीराव II

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**24. सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला शासक था–**

(a) अवध का नवाब

(b) हैदराबाद का निजाम

(c) पेशवा बाजीराव द्वितीय

(d) ट्रावनकोर का राजा

**I.A.S. (Pre) 1994**

**उत्तर–(a)**

वेलेजली ने सहायक संधि का आविष्कार नहीं किया, इस प्रणाली का अस्तित्व पहले से ही था। संभवतः डूप्ले प्रथम यूरोपीय था, जिसने अपनी सेना किराए पर भारतीय राजाओं को दी थी। क्लाइव के काल से यह प्रणाली लगभग सभी गवर्नर जनरलों ने अपनाई थी। वेलेजली की विशेषता केवल यह थी कि उसने इसका विकास कर अपने संपर्क में आने वाले सभी देशी राजाओं के संबंधों में इसका प्रयोग किया। प्रथम सहायक संधि 1765 ई. में अवध से की गई, जब कंपनी ने निश्चित धन के बदले उसकी सीमाओं की रक्षा करने का वचन दिया और अवध ने एक अंग्रेज रेजीडेंट को लखनऊ में रखना स्वीकार किया।

**नोट :** यदि प्रश्न में वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार करने वाले प्रथम राज्य के बारे में पूछा जाए तो उत्तर हैदराबाद होगा।

**25. सहायक संधि को किसके काल में क्रियान्वित किया गया?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस (b) लॉर्ड वेलेजली

(c) सर जान शोर (d) लॉर्ड ऑकलैंड

**U.P.P.C.S (Mains) 2011**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**26. निम्न में से 'सहायक संधि' स्वीकार नहीं की थी–**

(a) हैदराबाद के निजाम ने (b) इंदौर के होल्कर राज्य ने

(c) जोधपुर के राजपूत राज्य ने (d) मैसूर के शासक ने

**U.P. P.C.S.(Spl) (Mains) 2004**

**उत्तर–(*)**

लॉर्ड वेलेजली (1798-1805 ई.) ने भारतीय राज्यों को अंग्रेजी राजनीतिक परिधि में लाने के लिए सहायक संधि प्रणाली का प्रयोग किया। जिन राज्यों ने वेलेजली की सहायक संधि स्वीकार की, वे थे- हैदराबाद (1798 और 1800 ई.), मैसूर (1799 ई.), तंजौर (1799 ई.), अवध (1801 ई.), पेशवा (1802 ई.), बरार के भोंसले (1803 ई.), सिंधिया (1804 ई.), इंदौर के होल्कर 6 जनवरी, 1818, जोधपुर, जयपुर, मच्छेरी, बूंदी तथा भरतपुर। अतः प्रश्न में कोई भी विकल्प सही नहीं हैं।

**27. सहायक संधि व्यवस्था को स्वीकार करने वाले प्रथम भारतीय देशी शासक कौन थे?**

(a) ग्वालियर के सिंधिया

(b) हैदराबाद के निजाम

(c) पंजाब के दलीप सिंह

(d) बड़ौदा के गायकवाड़

(e) नागपुर के भोंसले

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**28. निम्नलिखित पर विचार कीजिए, जिन्होंने लॉर्ड वेलेजली के साथ सहायक संधि की थी और उनके द्वारा किए गए संधियों का सही कालानुक्रम नीचे दिए हुए कूट से पता कीजिए–**

(1) हैदराबाद (2) मैसूर

(3) अवध (4) सिंधिया

**कूट :**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1,3, 4, 2

(c) 4, ,3 2, 1 (d) 3, 2, 1, 4

**U.P.P.C.S. (Mains) 2014**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**29. भारतीय राज्यों पर अंग्रेजी प्रभुत्व स्थापित करने के लिए किसने प्रशासन में सहायक संधि प्रणाली का सूत्रपात किया?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड वेलेजली

(c) लॉर्ड कॉर्नवालिस (d) लॉर्ड डलहौजी

**U.P.P.C.S (Mains) 2016**

**उत्तर–(b)**

लॉर्ड वेलेजली ने भारतीय राज्यों को अंग्रेजी राजनैतिक परिधि में लाकर अंग्रेजों की प्रभुसत्ता स्थापित करने के लिए सहायक संधि प्रणाली का प्रयोग किया। इससे अंग्रेजी सत्ता की श्रेष्ठता और प्रभुसत्ता स्थापित हो गई।



Scanned with OKEN Scanner

30. ईस्ट इंडिया कंपनी का राजपूत राज्यों से सहायक संधि करने का मुख्य उद्देश्य था–
(a) शत्रुओं के विरुद्ध सैनिक सहायता प्राप्त करना
(b) मराठा-पिंडारी आक्रमण से इन राज्यों की सुरक्षा
(c) खिराज के रूप में धन प्राप्त करना
(d) अंग्रेजों की प्रभुसत्ता स्थापित करना

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 1992**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**31. निम्नांकित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**
(a) बक्सर का युद्ध – 1764
(b) सहायक संधि – 1863
(c) भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का एकाधिकार – 1833
(d) ब्रिटिश नागरिकों एवं कंपनियों के लिए भारत में व्यापार का खोला जाना – 1813

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl.) (Mains) 2010**

**उत्तर–(b)**

भारत में अंग्रेजी सत्ता की श्रेष्ठता स्थापित करने तथा फ्रांसीसियों के भय को समाप्त करने के उद्देश्य से वेलेजली ने सहायक संधि प्रणाली को 1798 ई. में आरंभ किया। सहायक संधि स्वीकार करने वाले राज्यों में हैदराबाद (1798 ई.) प्रथम था। बक्सर का युद्ध 1764 ई. में, ईस्ट इंडिया कंपनी का एकाधिकार 1833 (1833 के अधिनियम से पूर्णत: समाप्त घोषित कर दिया गया) तथा ब्रिटिश नागरिकों तथा कंपनियों के लिए भारत में व्यापार का खोला जाना 1813, सुमेलित हैं। इस प्रकार विकल्प (b) सुमेलित नहीं है।

**32. उस समय जब नेपोलियन की शक्ति के सामने यूरोप में साम्राज्य धराशायी हो रहे थे, नीचे लिखे गवर्नर जनरलों में से किस एक ने भारत में ब्रिटिश पताका फहराए रखी?**
(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड हेस्टिंग्स

**I.A.S. (Pre) 1999**

**उत्तर–(c)**

लॉर्ड वेलेजली ने भारत की ओर 1797 ई. में प्रस्थान किया, जो कि आंग्ल इतिहास में संभवत: सबसे अंधकारमय समय था। फ्रांस के विरुद्ध यूरोपीय शक्तियों का बना हुआ मोर्चा छिन्न-भिन्न हो चुका था। नेपोलियन मिस्र तथा सीरिया को विजित कर चुका था तथा गंभीरतापूर्वक भारत पर आक्रमण करने की सोच रहा था। ऐसी परिस्थिति में वेलेजली ने भारत में सहायक संधि प्रणाली का प्रयोग किया, जिससे अंग्रेजी सत्ता की श्रेष्ठता स्थापित हो गई तथा नेपोलियन का भय भी टल गया।

**33. आंग्ल-नेपाल युद्ध जिसके शासनकाल में हुआ था, वह है–**
(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस (b) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) वॉरेन हेस्टिंग्स

**U.P.P.C.S. (Mains) 2010**

**उत्तर–(b)**

आंग्ल-नेपाल युद्ध (1814-16 ई.) लॉर्ड हेस्टिंग्स के गवर्नर जनरल काल (1813-23 ई.) में हुआ था, जो कि 1815 ई. की सुगौली की संधि से समाप्त हुआ था। सुगौली की संधि 2 दिसंबर, 1815 को लेखबद्ध हुई थी, जिसका अनुमोदन 4 मार्च, 1816 को किया गया था।

**34. सुगौली की संधि हुई थी-**
(a) 1800 ई. में (b) 1803 ई. में
(c) 1805 ई. में (d) 1815 ई. में

**Uttarakhand P.C.S. (Pre.) 2016**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**35. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(a) हेक्टर मुनरो - बक्सर का युद्ध
(b) लॉर्ड हेस्टिंग्स - आंग्ल-नेपाल युद्ध
(c) लॉर्ड वेलेजली - चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध
(d) लॉर्ड कॉर्नवालिस - तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध

**U.P.U.D.A./L.D.A. (Mains) 2010**
**U.P.P.C.S (Pre) 2017**

**उत्तर–(d)**

तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध (1817-18 ई.) लॉर्ड हेस्टिंग्स के समय में हुआ न कि लॉर्ड कॉर्नवालिस के समय में, अत: विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है। चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध (1799 ई.) लॉर्ड वेलेजली एवं आंग्ल-नेपाल युद्ध (1814-16 ई.) लॉर्ड हेस्टिंग्स के समय हुआ, जबकि बक्सर का युद्ध (1764 ई.) हेक्टर मुनरो के नेतृत्व में लड़ा गया था।

**36. तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध संबंधित है–**
(a) सर जॉन शोर से (b) लॉर्ड वेलेजली से
(c) लॉर्ड हेस्टिंग्स से (d) लॉर्ड कॉर्नवालिस से

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2013**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**37. सर टॉमस मुनरो किन वर्षों में मद्रास के गवर्नर रहे?**
(a) 1820-1827 ई. (b) 1819-1826 ई.
(c) 1822-1829 ई. (d) 1818-1825 ई.

**U.P.P.C.S (Pre) 2016**

**उत्तर–(a)**



Scanned with OKEN Scanner

सर टॉमस मुनरो 1820-1827 ई. तक मद्रास के गवर्नर रहे। दक्षिण भारत में भू-राजस्व वसूली हेतु लागू की गई व्यवस्था रैयतवाड़ी व्यवस्था थी। इस व्यवस्था के जन्मदाता टॉमस मुनरो और कैप्टन रीड थे, जिन्होंने सर्वप्रथम इसे तमिलनाडु के बारामहल जिले में लागू किया। तत्पश्चात यह व्यवस्था मद्रास, बंबई के कुछ हिस्से, असम तथा कुर्ग (आधुनिक कर्नाटक का एक भाग) में लागू की गई।

**38. तथाकथित कुशासन के आधार पर किस गवर्नर जनरल ने मैसूर राज्य के प्रशासन को ले लिया था?**

(a) लॉर्ड वेलेजली ने

(b) लॉर्ड हेस्टिंग्स ने

(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक ने

(d) लॉर्ड हार्डिंग ने

**U.P. P.C.S. (Pre) 2003**

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2004**

**उत्तर–(c)**

विलियम बेंटिक ने 1831 ई. में मैसूर तथा 1834 ई. में कुर्ग एवं कछार की रियासतों को अपने प्रदेश में मिला लिया, क्योंकि वहां कथित रूप से बहुत अधिक कुशासन एवं अव्यवस्था थी।

**39. निम्नलिखित बंगाल के गवर्नर जनरलों में से कौन एक तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध से संबद्ध है?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स

(b) लॉर्ड कॉर्नवालिस

(c) सर जॉन शोर

(d) लॉर्ड विलियम कैवेन्डिस बेंटिक

**U.P.P.C.S. (Mains) 2013**

**उत्तर–(b)**

तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध (1790-1792 ई.) से लॉर्ड कॉर्नवालिस संबद्ध है। इस युद्ध में कॉर्नवालिस ने स्वयं सेना की बागडोर संभाली थी। इस युद्ध में टीपू ने श्रीरंगपट्टम की संधि (1792 ई.) कर ली थी, जिसके अनुसार, टीपू को अपने राज्य का लगभग आधा भाग अंग्रेजों और उनके साथियों (निजाम एवं मराठों) को देना पड़ा था।

**40. ठगों के दमन में निम्नलिखित में से कौन संबद्ध था?**

(a) जनरल हेनरी प्रेंडरगास्ट

(b) कैप्टन स्लीमैन

(c) एलेक्जेंडर बर्न्स

(d) कैप्टन रॉबर्ट पेम्बरटन

**I.A.S. (Pre) 1997**

**उत्तर–(b)**

ठगों में हिंदू और मुसलमान दोनों धर्मों के अनुयायी सम्मिलित थे। परंतु वास्तव में ये लोग काली, दुर्गा अथवा भवानी की पूजा करते थे तथा प्राय: अपने शिकार का सिर काट कर देवी के चरणों में बलि के रूप में चढ़ाते थे। उन्हें विश्वास था कि उनका यह धंधा विधि का विधान है तथा उनके शरीर की मृत्यु उनके भाग्य में उसी प्रकार लिखी होती थी। सती प्रथा के प्रश्न पर तो कुछ मतभेद था, किंतु ठगी के विषय में समस्त जनता ने सरकार का समर्थन किया। लॉर्ड विलियम बेंटिक ने कैप्टन स्लीमैन को ठगों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए नियुक्त किया। उसने लगभग 1500 ठगों को बंदी बना लिया। अनेक ठगों को फांसी दी गई। शेष को आजीवन निर्वासित कर दिया गया। 1837 ई. के पश्चात संगठित रूप से ठगों का अंत हो गया।

**41. ठगों का उन्मूलन किसके नेतृत्व में हुआ था?**

(a) लॉर्ड क्लाइव

(b) कैप्टन स्लीमैन

(c) लॉर्ड मिंटो

(d) अलेक्जेंडर बर्न्स

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65th B.P.S.C. (Pre) 2019**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**42. निम्न में से कौन-से सामाजिक सुधार विलियम बेंटिक ने प्रारंभ किए?**

**1. सती प्रथा का उन्मूलन**

**2. दास प्रथा का उन्मूलन**

**3. धर्म परिवर्तन के कारण अयोग्यता के प्रावधान को हटाना**

**4. ठगों के संगठित गिरोहों का दमन**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) केवल 1, 2, 3 और 4

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Pre) (Re. Exam), 2021**

**उत्तर–(c)**

लॉर्ड विलियम बेंटिक 1828 ई. में बंगाल प्रेसीडेंसी का गवर्नर जनरल बना। 1829 ई. में उसने सती प्रथा को अपराध घोषित कर उसका उन्मूलन किया। बेंटिक के काल में ही भारत सरकार अधिनियम, 1833 पारित किया गया था इसमें दास प्रथा के उन्मूलन का प्रावधान किया गया था। बेंटिक ने ठगों के गिरोह के विरुद्ध भी अभियान चलाकर उसका



Scanned with OKEN Scanner

दमन करने का प्रयास किया। बेंटिक ने शिक्षा और प्रेस की स्वतंत्रता पर भी काम किया था। 1835 ई. में वह इंग्लैंड वापस चला गया। धर्म परिवर्तन के कारण अयोग्यता के प्रावधान को 1850 ई. में हटाया गया। अतः कथन (1), (2) और (4) सही हैं। इस कारण विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**43. सती प्रथा पर पाबंदी किसने लगाई?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड कर्जन
(c) विलियम बेंटिक (d) लॉर्ड कैनिंग

**M.P. P.C.S. (Pre) 1993**
**M.P. P.C.S. (Pre) 1998**
**U.P. P.C.S. (Pre) 1990**
**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(c)**

राजा राममोहन राय जैसे प्रबुद्ध भारतीय सुधारकों ने विलियम बेंटिक को इस प्रथा को अवैध घोषित करने की प्रेरणा दी। बहुत से समकालीन प्रगतिशील समाचार-पत्रों ने इनका समर्थन किया और विलियम बेंटिक ने कानून बना कर सती प्रथा को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया। दिसंबर, 1829 के नियम 17 (XVII) द्वारा विधवाओं को जलाना अवैध घोषित कर दिया गया। आरंभ में यह कानून केवल बंगाल प्रेसीडेंसी में लागू किया गया और 1830 ई. में यह नियम बंबई और मद्रास प्रेसीडेंसी में भी लागू कर दिया गया।

**44. 'सती' को गैर-कानूनी किसने घोषित किया?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) विलियम बेंटिक
(c) कॉर्नवालिस (d) कर्जन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63rd B.P.S.C. (Pre) 2017**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**45. विलियम बेंटिक के द्वारा सती प्रथा किस वर्ष समाप्त की गई?**

(a) 1825 ई. (b) 1827 ई.
(c) 1829 ई. (d) 1830 ई.

**M.P.P.C.S. (Pre) 2015**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**46. 'हिल एसेंबली प्लान' किसके द्वारा आदिवासी उन्नति के लिए किया गया था?**

(a) टि. विलकिंसन (b) क्लीवलैंड
(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक (d) लॉर्ड मैकॉले

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2016**

**उत्तर–(b)**

संथाल परगना के राजमहल क्षेत्र के प्रथम ब्रिटिश कलेक्टर ऑगस्टस क्लीवलैंड द्वारा आदिवासियों की उन्नति हेतु 'हिल एसेंबली प्लान' को कार्यान्वित किया गया। इसके अंतर्गत आदिवासी मुखियों को सीमित न्यायिक शक्तियां भी सौंपी गईं। 1796 ई. के रेगुलेशन I द्वारा इस व्यवस्था को विनियमित करने का प्रयास भी किया गया।

**47. इनमें से किस वर्ष बंगाल से दासों के निर्यात को रोक दिया गया?**

(a) 1764 (b) 1789
(c) 1858 (d) 1868

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(b)**

1789 ई. की घोषणा द्वारा बंगाल से दासों का निर्यात बंद कर दिया गया था।

**48. लॉर्ड डलहौजी द्वारा अवध का अंग्रेजी राज्य में विलय निम्न में से किस रीति से हुआ था?**

(a) अपहरण की नीति द्वारा (b) युद्ध द्वारा
(c) सहायक संधि द्वारा (d) कुप्रशासन के कारण

**U.P. P.C.S. (Pre) 1990**
**U.P. P.C.S. (Pre) 1991**
**U.P. P.C.S. (Pre) 1994**

**उत्तर–(d)**

लॉर्ड डलहौजी (1848-56) ने अवध के नवाब वाजिद अली शाह पर कुशासन का आरोप लगाकर 13 फरवरी, 1856 को अवध का अंग्रेजी राज्य में विलय कर लिया। अवध के अतिरिक्त डलहौजी के व्यपगत के सिद्धांत के अंतर्गत विलय किए गए प्रदेश–सतारा (1848 ई.), जैतपुर एवं संभलपुर (1849 ई.), बघात (1850 ई.), उदयपुर (1852 ई.), झांसी (1854 ई.), नागपुर (1854 ई.) तथा करौली (1855 ई.) थे।

**49. बघात रियासत का ब्रिटिश में विलय कब हुआ?**

(a) 1848 (b) 1850
(c) 1852 (d) 1853

**Jharkhand P.C.S. (Pre.) 2016**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**50. निम्न में किस देशी रियासत को अंग्रेजों ने अपने क्षेत्र में नहीं मिलाया था?**

(a) सिंध (b) ग्वालियर
(c) अवध (d) सतारा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63rd B.P.S.C (Pre.) 2017**

**उत्तर–(b)**



Scanned with OKEN Scanner

उपरगत विकल्पों में से ग्वालियर रियासत को अंग्रेजों द्वारा अपने क्षेत्र में नहीं मिलाया गया। सिंध का विलय लॉर्ड एलनबरो (1842-1844 ई.) के शासनकाल में किया गया। लॉर्ड डलहौजी के काल में कुशासन के आरोप में अवध का विलय (1856 ई.) एवं व्यपगत सिद्धांत के द्वारा सतारा का विलय (1848 ई.) किया गया।

51. ब्रिटिश साम्राज्य में अवध का विलय हुआ था—
(a) 1853 में (b) 1854 में
(c) 1855 में (d) 1856 में

**U.P.P.C.S. (Mains) 2010**
**U.P.U.D.A./L.D.A. (Pre) 2013**

उत्तर—(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

52. 'विलय का सिद्धांत' के तहत निम्नलिखित राज्यों के विलय पर विचार कीजिए और उन्हें कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-
1. सतारा 2. झांसी
3. बघात 4. उदयपुर
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-
कूट :
(a) 1, 4, 3, 2 (b) 3, 1, 2, 4
(c) 1, 3, 4, 2 (d) 2, 4, 1, 3

**U.P. B.E.O. (Pre) 2019**

उत्तर-(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

53. अधोलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित है?
(a) 1849 ई. – सतारा का विलय
(b) 1848 ई. – पंजाब का विलय
(c) 1856 ई. – अवध का विलय
(d) 1855 ई. – झांसी का विलय

**U.P. P.C.S. (Mains) 2002**

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

54. निम्नलिखित में से किसने विलय की नीति नियोजित एवं क्रियान्वित की?
(a) वेलेजली (b) हेस्टिंग्स
(c) डलहौजी (d) क्लाइव

**U.P.P.C.S. (Mains) 2011**

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

55. ब्रिटिश द्वारा कुशासन का बहाना लेकर, निम्नलिखित प्रांतों में से किस एक का शासक हटा दिया था?
(a) अवध (b) झांसी
(c) नागपुर (d) सतारा

**I.A.S. (Pre) 2007**

उत्तर—(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

56. भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान निम्नलिखित राजसी राज्यों के विलय क्रम पर विचार कीजिए—
1. झांसी 2. संभलपुर
3. सतारा
(a) 1-2-3 (b) 1-3-2
(c) 3-2-1 (d) 3-1-2

**I.A.S. (Pre) 2004**

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

57. लॉर्ड डलहौजी की 'विलय-नीति' का प्रथम शिकार निम्नलिखित में से कौन हुआ था?
(a) झांसी (b) सतारा
(c) करौली (d) संबलपुर

**U.P.P.C.S. (Pre) 2016**

उत्तर—(b)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

58. डलहौजी की ''व्यपगत सिद्धांत'' के अंतर्गत विलय किया गया प्रथम राज्य कौन-सा था?
(a) जैतपुर (b) संभलपुर
(c) झांसी (d) सतारा

**M.P.P.C.S. (Pre), 2021**

उत्तर—(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

59. जेम्स एंड्रूज रैम्जे भारत के किस गवर्नर जनरल का वास्तविक नाम था?
(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कैनिंग
(c) लॉर्ड नॉर्थ (d) लॉर्ड कर्जन

**Uttarakhand P.C.S. (Pre.) 2016**

उत्तर—(a)

1848 ई. में लॉर्ड डलहौजी जिसे 'अर्ल ऑफ डलहौजी' भी कहा जाता है, गवर्नर जनरल बनकर भारत आया। उसका वास्तविक नाम जेम्स एंड्रूज ब्राउन रैम्जे था।



Scanned with OKEN Scanner

60. अंग्रेजों द्वारा सिंध विजय संपन्न हुआ–
(a) लॉर्ड एलेनबरो के समय (b) लॉर्ड हार्डिन्ग के समय
(c) लॉर्ड ऑकलैंड के समय (d) लॉर्ड एमहर्स्ट के समय
**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(a)**

गवर्नर जनरल लॉर्ड एलेनबरो के काल (1842-1844 ई.) के दौरान अगस्त, 1843 में चार्ल्स नेपियर ने सिंध को पूर्ण रूप से ब्रिटिश साम्राज्य में मिला लिया गया। यह प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध का एक प्रमुख परिणाम था।

**61. किसने सिंध विजित कर उसका अधिकरण (Annexed) किया?**
(a) वेलिंगटन (b) स्लीमन
(c) नेपियर (d) लॉरेंस
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**67[th] B.P.S.C. (Pre) (Re. Exam), 2021**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**62. सिंध पर ब्रिटिश ने कब्जा किया–**
(a) 1843 में (b) 1845 में
(c) 1849 में (d) 1854 में
**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**63. सिक्किम का भारत में विलय किसने किया?**
(a) लॉर्ड हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड विलियम बेंटिक
(c) लॉर्ड डलहौजी (d) लॉर्ड आकलैंड
**U.P. P.C.S. (Pre) 2020**

**उत्तर–(c)**

सिक्किम का भारत के साथ अंतर्संबंध विगत इतिहास में हम तीन अवसरों पर देखते है– 1. 10 अक्टूबर, 1817 को लॉर्ड हेस्टिंग्स के काल में इस तिथि को सिक्किम और ब्रिटिश भारत के साथ तितल्या (Titalya) संधि हुई थी। इसमें नेपाल से कुछ क्षेत्र सिक्किम को वापस मिलने का उल्लेख तो है किंतु सिक्किम के किसी क्षेत्र का ब्रिटिश भारत में मिलाने का उल्लेख नहीं है। 2. 1850 में सिक्किम के दार्जिलिंग और तराई का कुछ भाग लॉर्ड डलहौजी के काल में ब्रिटिश भारत में मिलाया गया। यह सिक्किम का आंशिक विलय है। 3. 1975 में सिक्किम का पूर्ण विलय स्वतंत्र भारत में हुआ।
सद्यः प्रश्न में ब्रिटिश भारत में लॉर्ड डलहौजी के कार्यकाल में सिक्किम के आंशिक विलय के आधार पर आयोग ने अपना उत्तर निर्धारित किया है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**64. निम्नलिखित में से कौन अवध का ब्रिटिश रेजीडेंट था, जब अवध का ब्रिटिश साम्राज्य में विलय हुआ?**
(a) जेम्स आउट्रम (b) डब्ल्यू.एच. स्लीमैन
(c) बिशप आर. हेबर (d) जनरल लो
**U.P.P.C.S. (Mains) 2011**

**उत्तर–(a)**

1854 ई. में स्लीमैन के स्थान पर जेम्स आउट्रम को अवध का ब्रिटिश रेजीडेंट बनाया गया था। उसने कहा कि अवध का प्रशासन बहुत दूषित है तथा जनता की अवस्था बहुत शोचनीय है। आउट्रम की रिपोर्ट को ही फरवरी, 1856 में अवध के अधिग्रहण का आधार बनाया गया था। 1857 के विद्रोह के समय लखनऊ में ब्रिटिश रेजीडेंट हेनरी लॉरेंस था, जो विद्रोहियों के हाथों मारा गया था।

**65. भारत में प्रथम रेलवे लाइन किस ब्रिटिश गवर्नर के समय बिछाई गई थी?**
(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कर्जन
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड लिटन
**48[th] to 52[nd] B.P.S.C. (Pre) 2008**

**उत्तर–(a)**

भारत में रेल निर्माण की दिशा में प्रथम प्रयास ब्रिटिश गवर्नर लॉर्ड डलहौजी द्वारा किया गया। प्रथम रेलवे लाइन 1853 ई. में बंबई से थाणे के बीच डलहौजी के समय बिछाई गई थी।

**66. भारत में प्रथम रेल लाइन का निर्माण किन नगरों के बीच हुआ था?**
(a) हावड़ा और सीरामपुर (b) बंबई और थाणे
(c) मद्रास और गुंटूर (d) दिल्ली और आगरा
**U.P. Lower (Sub.) (Pre) 2004**
**U.P. P.C.S. (Pre) 2001**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**67. भारत में पहली रेलवे लाइन कब शुरू हुई?**
(a) 1853 (b) 1850
(c) 1840 (d) 1890
**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**68. किस कंपनी ने सर्वप्रथम भारत में रेल यात्रा प्रारंभ की?**
(a) ईस्टर्न रेलवे (b) ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे
(c) मद्रास रेलवे (d) अवध तिरहुत रेलवे
**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2011**

**उत्तर–(b)**



Scanned with OKEN Scanner

1853 ई. में बंबई के बोरीबंदर स्टेशन से थाणे के मध्य भारत में सर्वप्रथम रेल यात्रा का प्रारंभ ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे द्वारा किया गया था।

**69. ब्रिटिश भारतीय राज्य क्षेत्र का अंतिम प्रमुख विस्तार हुआ—**

(a) डफरिन के समय में (b) डलहौजी के समय में

(c) लिटन के समय में (d) कर्जन के समय में

**I.A.S. (Pre) 2000**

**उत्तर—(a)**

1885 ई. में तृतीय आंग्ल-बर्मा युद्ध हुआ और 1 जनवरी, 1886 को संपूर्ण बर्मा को ब्रिटिश भारत में मिला दिया गया, जो ब्रिटिश भारतीय राज्य क्षेत्र का अंतिम प्रमुख विस्तार था। इस समय वायसराय लॉर्ड डफरिन था।

**70. पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट को 1845-1855 के दौरान स्वरूप देने वाले थे—**

(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस

(c) जॉर्ज ऑकलैंड (d) वॉरेन हेस्टिंग्स

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर—(a)**

डलहौजी से पूर्व सार्वजनिक निर्माण का कार्य एक सैनिक बोर्ड पर था। इसके कार्यकाल में पहली बार एक अलग सार्वजनिक निर्माण विभाग बनाया गया और सार्वजनिक उपयोग के कार्य के लिए बहुत-सा धन व्यय किया जाने लगा।

**71. विधवा पुनर्विवाह अधिनियम किसके शासन में क्रियान्वित किया गया?**

(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कैनिंग

(c) सर हेनरी हार्डिंग (d) लॉर्ड लॉरेंस

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2002**

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2003**

**उत्तर—(b)**

ईश्वरचंद्र विद्यासागर के अथक प्रयासों के फलस्वरूप लॉर्ड कैनिंग (28 फरवरी, 1856-21 मार्च, 1862) के समय 26 जुलाई, 1856 को 'विधवा पुनर्विवाह अधिनियम' 1856 अधिनियमित हुआ। इस अधिनियम को लॉर्ड डलहौजी के समय प्रारूपित और प्रस्तुत किया गया था। इस अधिनियम के नियम 15 (XV) के तहत विधवा विवाह को वैध मान लिया गया और उस विवाह से उत्पन्न हुए बालक वैध घोषित किए गए।

**72. 1 नवंबर, 1858 को महारानी विक्टोरिया का घोषणा-पत्र इलाहाबाद में पढ़कर सुनाया था—**

(a) लॉर्ड विलियम बेंटिक ने (b) लॉर्ड कैनिंग ने

(c) लॉर्ड बर्नहम ने (d) सर हरकोर्ट बटलर ने

**U.P. P.C.S. (Pre) 2001**

**उत्तर—(b)**

1857 की महान क्रांति का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम था—महारानी की उद्घोषणा। यह उद्घोषणा 1 नवंबर, 1858 को इलाहाबाद में हुए दरबार में भारत के प्रथम वायसराय लॉर्ड कैनिंग द्वारा उद्घोषित की गई।

**73. निम्न में से कौन एक भारत का प्रथम वायसराय था?**

(a) लॉर्ड क्लाइव (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस

(c) लॉर्ड कैनिंग (d) लॉर्ड रिपन

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**74. 1 नवंबर, 1858 को महारानी विक्टोरिया का घोषणा-पत्र पढ़कर सुनाया था, लॉर्ड कैनिंग ने—**

(a) इलाहाबाद में (b) कलकत्ता में

(c) बंबई में (d) मद्रास में

**U.P. P.C.S. (Mains) 2009**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**75. अपने पुत्र के स्थान पर दूसरे उत्तराधिकारी को गोद लेने के अधिकार को पुनः स्थापित किया था—**

(a) 1858 के भारत सरकार के अधिनियम ने

(b) लॉर्ड कैनिंग ने

(c) 1860 में सनद के जारी किए जाने से

(d) 1858 की साम्राज्ञी की घोषणा ने

**U.P. P.C.S. (Spl.) (Mains) 2004**

**उत्तर—(d)**

महारानी की उद्घोषणा 1 नवंबर, 1858 को इलाहाबाद में हुए दरबार में लॉर्ड कैनिंग द्वारा उद्घोषित की गई। इसमें भारतीय देशी राज्यों के प्रति नीति को भी व्यापक रूप से परिवर्तित किया गया और ब्रिटिश साम्राज्य के लिए संभावित किसी संकटापन्न स्थिति से बचाव के लिए उनका प्रयोग करने हेतु उन्हें तैयार किया गया। विजय और विलय की नीति का पूर्णतः परित्याग कर दिया गया और देशी राज्यों के शासकों को उत्तराधिकारी गोद लेने की अनुमति दी गई।

**76. महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी नियुक्त किया गया—**

(a) 1858 में (b) 1876 में

(c) 1877 में (d) 1885 में

**38th B.P.S.C. (Pre) 1992**

**उत्तर—(c)**



Scanned with OKEN Scanner

राजसी उपाधि अधिनियम (Royal Titles Act) ब्रिटिश संसद द्वारा 1876 में पारित किया गया। इस अधिनियम के तहत महारानी विक्टोरिया को 1 जनवरी, 1877 को दिल्ली दरबार में भारत की साम्राज्ञी घोषित किया गया। इसी प्रकार सम्राट एडवर्ड VII को वर्ष 1903 में तथा जॉर्ज V को वर्ष 1911 में भारत का सम्राट घोषित किया गया।

**77. निम्नलिखित में से किस गवर्नर जनरल ने भारत में दास प्रथा को समाप्त किया था?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस ने (b) लॉर्ड एलेनबरो ने

(c) लॉर्ड विलियम बैंटिक ने (d) सर जॉन शोर ने

**U.P.U.D.A./L.D.A. (Mains) 2010**
**U.P. P.C.S. (Spl.) (Pre) 2008**
**U.P.P.C.S (Mains) 2011**

**उत्तर—(b)**

1843 के एक्ट-V के द्वारा भारत में तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड एलेनबरो ने दास प्रथा का उन्मूलन किया था। इसका कार्यकाल 1842-44 ई. तक था।

**78. निम्न युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित है?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस - स्थायी बंदोबस्त

(b) लॉर्ड वेलेजली - चतुराईपूर्ण निष्क्रियता

(c) लॉर्ड डलहौजी - सहायक संधि

(d) लॉर्ड कैनिंग - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना

**U.P. Lower Sub. (Pre) 1998**

**उत्तर—(a)**

लॉर्ड कॉर्नवालिस ने 1793 ई. में स्थायी बंदोबस्त प्रणाली लागू की, जबकि चतुराईपूर्ण निष्क्रियता (कुशल अकर्मण्यता) की नीति जॉन लॉरेंस, सहायक संधि लॉर्ड वेलेजली से तथा व्यपगत का सिद्धांत लॉर्ड डलहौजी से संबद्ध है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना ए.ओ. ह्यूम ने लॉर्ड डफरिन के कार्यकाल (1884-88 ई.) में की थी।

**79. निम्नांकित में किसका सुमेल नहीं है?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस — स्थायी बंदोबस्त

(b) लॉर्ड वेलेजली — सहायक संधि

(c) लॉर्ड डलहौजी — व्यपगत का सिद्धांत

(d) लॉर्ड कैनिंग — उच्चतम निष्क्रियता

**U.P. P.C.S. (Pre) 1998**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**80. 'स्थायी बंदोबस्त' किसके शासनकाल में प्रारंभ किया गया था?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड कार्नवालिस

(c) सर जॉन शोर (d) लॉर्ड वेलेजली

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2008**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**81. निम्नांकित में से सही सुमेलित नहीं है?**

(a) लॉर्ड कार्नवालिस - स्थायी बंदोबस्त

(b) लॉर्ड वेलेजली - सहायक संधि प्रणाली

(c) लॉर्ड हेस्टिंग्स - द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध

(d) लॉर्ड विलियम बैंटिक - 1829 का सत्रहवां रेग्युलेशन

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2001**

**उत्तर—(c)**

द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध 1803 से 1805 ई. के बीच लॉर्ड वेलेजली के काल में हुआ था। लॉर्ड हेस्टिंग्स के काल में तृतीय तथा अंतिम आंग्ल-मराठा युद्ध (1817-1818 ई.) हुआ था। तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध में मराठों के पराजय के पश्चात लॉर्ड हेस्टिंग्स ने पेशवा की गद्दी 1818 ई. में समाप्त कर दी तथा पश्चिमी भारत में स्थित पेशवा का समस्त प्रदेश बंबई प्रेसीडेंसी में सम्मिलित कर लिया गया। इसके अतिरिक्त कंपनी ने बुंदेलखंड, मालवा तथा शेष भारत (जिस पर पेशवाओं का प्रभुत्व था) पर राजनैतिक अधिकार कर लिया। अन्य तीनों युग्म सुमेलित हैं।

**82. पेशवाई को कब समाप्त किया गया था?**

(a) 1858 में (b) 1818 में

(c) 1861 में (d) 1802 में

**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**83. निम्नलिखित में से किसने राजपूताना की देशी रियासतों के साथ वर्ष 1817-18 की अधीनस्थ संधि की बातचीत की थी?**

(a) डेविड ऑक्टरलोनी (b) चार्ल्स मेटकॉफ

(c) ऑर्थर वेलेजली (d) जॉन जॉर्ज

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 2018**

**उत्तर—(b)**

राजपूताना की रियासतों के साथ वर्ष 1817-18 की अधीनस्थ संधि की वार्ता चार्ल्स मेटकॉफ ने की थी। लॉर्ड हेस्टिंग्स ने राजपूताना पर ब्रिटिश सर्वोच्चता तथा मराठों और पिंडारियों के प्रति राजपूताने की तटस्थता सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली के तत्कालीन रेजीडेंट चार्ल्स मेटकॉफ को वार्ताकार बनाया था।

**84. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस — स्थायी बंदोबस्त

(b) लॉर्ड वेलेजली — सहायक संधि प्रणाली

(c) सर जॉन शोर — आंग्ल-नेपाल युद्ध

(d) लॉर्ड हेस्टिंग्स — तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध

**U.P.P.C.S. (Mains) 2014**

**उत्तर—(c)**



Scanned with OKEN Scanner

आंग्ल-नेपाल युद्ध लॉर्ड हेस्टिंग्स के काल में हुआ। 1814 ई. में पहला युद्ध लड़ा गया, लेकिन कोई विशेष सफलता नहीं मिली। 1815 ई. में दूसरा युद्ध लड़ा गया। कुमाऊं में अल्मोड़ा को जीत लिया गया तथा मेजर-जनरल ऑक्टरलोनी ने वीर गोरखा सरदार अमर सिंह थापा को मलाव का किला समर्पित करने के लिए विवश किया। ब्रिटिश सेना राजधानी काठमांडू से 30 मील की दूरी तक पहुंच गई। 2 दिसंबर, 1815 को सुगौली की संधि लेखबद्ध हुई थी, जिसे 4 मार्च, 1816 को अनुमोदित किया गया। कुमाऊं, गढ़वाल और शिमला जिले अंग्रेजों को सौंपे गए।

**85. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित है?**

(a) लॉर्ड एलेनबरो : अवध का विलीनीकरण

(b) लॉर्ड डलहौजी : सिंध का विलीनीकरण

(c) लॉर्ड वेलेजली : चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध

(d) सर जॉन शोर : तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध

**U.P.P.C.S. (Mains) 2013**

**उत्तर–(c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

लॉर्ड एलेनबरो – सिंध का अंग्रेजी राज्य में अगस्त, 1843 में विलय

लॉर्ड डलहौजी – कुशासन के आरोप में 1856 ई. में अवध का विलीनीकरण

लॉर्ड वेलेजली – चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध (1799 ई.)

लॉर्ड हेस्टिंग्स – तृतीय आंग्ल- मराठा युद्ध (1817-18 ई.)

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**86. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) लॉर्ड डलहौजी – अवध का विलीनीकरण

(b) लॉर्ड डफरिन – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना

(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक – चार्टर एक्ट,1833 का पारित होना

(d) लॉर्ड लिटन – प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध का प्रारंभ होना

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2013**

**उत्तर–(d)**

प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध 1839-1842 ई. के मध्य हुआ था। इस दौरान भारत के गवर्नर जनरल ऑकलैंड थे। लॉर्ड लिटन के समय द्वितीय आंग्ल-अफगान युद्ध (1878-1880 ई.) हुआ था। इस प्रकार विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है, जबकि अन्य तीनों विकल्प सही सुमेलित हैं।

**87. निम्न में से कौन 'चतुराईपूर्ण निष्क्रियता' की नीति के साथ जुड़ा है?**

(a) विलियम बेंटिक (b) लॉर्ड कैनिंग

(c) लॉर्ड मेयो (d) जॉन लॉरेंस

**U.P. P.C.S. (Pre) 1997**

**उत्तर–(d)**

'चतुराईपूर्ण निष्क्रियता' या 'कुशल अकर्मण्यता' की नीति (Policy of Masterly Inactivity) आंग्ल-अफगान संबंधों के संदर्भ में लॉर्ड एलेनबरो के काल से प्रारंभ होकर लॉर्ड नार्थब्रुक के काल तक चलती रही। इस नीति को प्रायः जॉन लॉरेंस के नाम से विशेष रूप से संबंधित किया जाता है, क्योंकि उसके वायसराय काल (1864-1869 ई.) में इस नीति का अनुसरण करने का स्पष्ट अवसर मिला और इस नीति की रूपरेखा स्पष्ट रूप से निश्चित की गई।

**88. भारत में 'वित्तीय विकेंद्रीकरण' किसने प्रारंभ किया था?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड डलहौजी

(c) चार्ल्स मेटकॉफ (d) लॉर्ड मेयो

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2021**

**उत्तर–(d)**

भारत में वित्तीय विकेंद्रीकरण 1870 ई. में लॉर्ड मेयो के कार्यकाल में आरंभ हुआ था।

**89. भारत में अंग्रेजों के समय में प्रथम जनगणना हुई–**

(a) लॉर्ड डफरिन के कार्यकाल में

(b) लॉर्ड लिटन के कार्यकाल में

(c) लॉर्ड मेयो के कार्यकाल में

(d) लॉर्ड रिपन के कार्यकाल में

**U.P. P.C.S. (Pre) 2000**

**U.P. Lower Sub. (Spl.) (Pre) 2004**

**उत्तर–(c)**

भारत में अंग्रेजों के समय में प्रथम जनगणना लॉर्ड मेयो (1869-72 ई.) के काल में 1872 ई. में प्रारंभ हुई, किंतु लॉर्ड रिपन के काल में नियमित जनगणना 1881ई. में शुरू हुई।

**90. वह कौन व्यक्ति था, जिसने भारत में पहली बार जनसंख्या की जनगणना करवाई?**

(a) रिपन (b) लिटन

(c) डफरिन (d) लॉर्ड मेयो

**Uttarakhand P.C.S. (Mains) 2006**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**91. किस वायसराय की हत्या अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में (जब वे भ्रमण पर थे) एक दंडित अपराधी द्वारा की गई थी?**

(a) लॉर्ड कर्जन (b) लॉर्ड रिपन

(c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड मिंटो

**U.P.P.C.S. (Pre) 2004**

**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2013**

**उत्तर–(c)**



Scanned with OKEN Scanner

लॉर्ड मेयो (1869-72 ई.) की हत्या अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के भ्रमण के दौरान एक कैदी द्वारा की गई थी। मेयो प्रथम गवर्नर जनरल था, जिसकी हत्या उसके कार्यकाल में की गई।

**92. किस वायसराय की हत्या उसके कार्यकाल में की गई?**

(a) लॉर्ड कर्जन (b) लॉर्ड मेयो
(c) लॉर्ड रिपन (d) लॉर्ड वेलेजली

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**93. अफगानिस्तान के प्रति एक जोशभरी 'अग्र (फॉरवर्ड)' नीति का अनुसरण करने वाला गवर्नर जनरल था–**

(a) मिंटो (b) डफरिन
(c) एल्गिन (d) लिटन

**I.A.S. (Pre) 1999**

**उत्तर–(d)**

1876 ई. में लिटन के वायसराय बनकर आने पर अफगानिस्तान के प्रति अपनाई गई नीति में परिवर्तन आया। कुशल अकर्मण्यता की नीति के स्थान पर अग्रगामी नीति का अनुसरण होने लगा।

**94. अफगानिस्तान के प्रति आक्रमक नीति किस वायसराय ने अपनाई थी?**

(a) लॉर्ड मेयो (b) लॉर्ड लिटन
(c) लॉर्ड डफरिन (d) लॉर्ड कैनिंग
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65th B.P.S.C. (Pre) 2019**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**95. कौन भारत का वायसराय सबसे दीर्घकाल तक रहा?**

(a) लॉर्ड कर्जन (b) लॉर्ड डफरिन
(c) लॉर्ड हार्डिंग (d) लॉर्ड मेयो

**U.P. P.C.S. (Mains) 2009**

**उत्तर–(a)**

ब्रिटिश वायसरायों में भारत के विषय में सर्वाधिक जानकारी रखने वाले वायसराय लॉर्ड कर्जन का प्रश्नगत वायसरायों में सर्वाधिक दीर्घ कार्यकाल था।

| | |
|---|---|
| लॉर्ड कर्जन | - 1899 - 1905 = 7 वर्ष |
| लॉर्ड डफरिन | - 1884 - 1888 = 4 वर्ष |
| लॉर्ड हार्डिंग | - 1910 - 1916 = 6 वर्ष |
| लॉर्ड मेयो | - 1869 - 1872 = 3 वर्ष |

**96. भारत में स्थानीय स्वायत्तशासी संस्थाएं 1882 ई. में सशक्त की गई थीं–**

(a) जॉर्ज बार्लो द्वारा
(b) लॉर्ड रिपन द्वारा
(c) लॉर्ड कर्जन द्वारा
(d) लॉर्ड लिटन द्वारा

**U.P. P.C.S. (Pre) 1994**

**उत्तर–(b)**

1880 ई. में इंग्लैंड में ग्लैडस्टन के नेतृत्व में उदारवादी दल सत्ता में आया। ग्लैडस्टन यूरोप में स्वतंत्रता का समर्थक था। उसने अपनी भारत के प्रति नीति का इन शब्दों में वर्णन किया, "हमारा भारत में रहने का अधिकार इस तर्क पर है कि हमारा वहां रहना भारतीयों के लिए हितकर है और साथ ही यह कि भारतीय यह अनुभव करें कि यह हितकर है।" इस दौरान रिपन को वायसराय पद के लिए चुना गया। संभवतः रिपन के कार्यकाल का सबसे महत्वपूर्ण कार्य स्थानीय स्वशासन पर सरकारी प्रस्ताव (1882 ई.) था। रिपन देश की नगरपालिकाओं को विकसित करना चाहता था। उसके अनुसार, इन्हीं से देश की राजनैतिक शिक्षा आरंभ होती है। इस प्रस्ताव के तहत ग्रामीण प्रदेशों में स्थानीय बोर्डों की स्थापना की गई। प्रत्येक जिले में जिला उपविभाग, तालुका अथवा तहसील बोर्ड बनाने की आज्ञा हुई। नगरों में नगरपालिकाएं स्थापित की गईं। इन स्थानीय संस्थाओं को निश्चित कार्य तथा आय के साधन दिए गए।

**97. भारत में स्थानीय स्वायत्त शासन को किसने प्रोत्साहित किया था?**

(a) लॉर्ड मेयो (b) लॉर्ड लिटन
(c) लॉर्ड कैनिंग (d) लॉर्ड रिपन

**U.P. P.C.S. (Pre) 1996**
**Uttarakhand P.C.S. (Mains) 2002**
**U.P.P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**98. इल्बर्ट बिल विवाद किससे संबंधित था?**

(a) भारतीयों द्वारा हथियार लेकर चलने पर कुछ प्रतिबंधों का लागू किया जाना
(b) भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं पर प्रतिबंध लागू किया जाना
(c) यूरोप के लोगों के मामलों की सुनवाई करने के लिए भारतीय न्यायाधीशों पर लगाई गई अयोग्यताओं को हटाया जाना
(d) आयातित सूती कपड़े पर लगाए गए शुल्क का हटाया जाना

**I.A.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(c)**



Scanned with OKEN Scanner

सर पी.सी. इल्बर्ट वायसराय की परिषद के विधि सदस्य थे। इन्होंने 2 फरवरी, 1883 को विधान परिषद में एक विधेयक प्रस्तुत किया, जिसे इल्बर्ट बिल की संज्ञा दी जाती है। इस विधेयक का उद्देश्य था कि "जाति भेद पर आधारित सभी न्यायिक अयोग्यताएं तुरंत समाप्त कर दी जाएं और भारतीय तथा यूरोपीय न्यायाधीशों की शक्तियां समान कर दी जाएं"। यूरोपीय लोगों ने इसे अपने विशेषाधिकारों पर कुठाराघात माना। इल्बर्ट बिल को लेकर हुए विवाद के कारण ही 1884 ई. में लॉर्ड रिपन ने अपना कार्यकाल पूरा होने से पूर्व त्यागपत्र दे दिया।

**99. भारत में उपनिवेशी शासन के संदर्भ में 1883 ई. में पारित 'इल्बर्ट बिल' का उद्देश्य था—**

(a) जहां तक अदालतों की दांडिक अधिकारिता का संबंध था, भारतीय तथा यूरोपीय लोगों को बराबरी पर रोकना

(b) देशी प्रेस की स्वतंत्रता पर कड़ा अंकुश लगाना क्योंकि उसे उपनिवेशी शासकों का विरोधी समझा जाता था।

(c) प्रशासनिक सेवा परीक्षाएं भारत में करवाना ताकि देशी भारतीयों को उसमें बैठने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

(d) आर्म्स ऐक्ट में संशोधन कर देशी भारतीयों को शस्त्र रखने की अनुमति देना।

**I.A.S. (Pre) 2003**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**100. किसकी पदावधि में महिलाओं तथा बच्चों की कार्यावधि के घंटों को सीमित करने तथा स्थानीय शासन को आवश्यक नियम बनाने के लिए प्राधिकृत करने के लिए प्रथम फैक्टरी अधिनियम का अभिग्रहण किया गया?**

(a) लॉर्ड लिटन (b) लॉर्ड बेंटिक

(c) लॉर्ड रिपन (d) लॉर्ड कैनिंग

**I.A.S. (Pre) 2007**

**उत्तर—(c)**

लॉर्ड रिपन को ब्रिटिश भारत के वायसरायों में सबसे अधिक उदारवादी माना जाता है। उन्होंने सौ या उससे अधिक कार्यरत मजदूरों वाली फैक्टरियों में काम करने वाली महिलाओं तथा बच्चों के संबंध में कुछ उदारवादी नियम बनाए, जिन्हें प्रथम फैक्टरी अधिनियम, 1881 के रूप में जाना जाता है। इस अधिनियम के तहत 7 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के फैक्टरियों में काम करने पर रोक एवं 7 से 12 वर्ष के बच्चों की कार्यावधि प्रतिदिन 9 घंटे तथा महीने में चार दिन की छुट्टी का प्रावधान किया गया।

**101. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**1. फैक्टरी एक्ट, 1881 औद्योगिक कामगारों की मजदूरी नियत करने के लिए और कामगारों को मजदूर संघ बनाने देने की दृष्टि से पारित किया गया था।**

**2. एन. एम. लोखंडे ब्रिटिश भारत में मजदूर आंदोलन संगठित करने में अग्रगामी थे।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**I.A.S. (Pre.) परीक्षा, 2017**

**उत्तर—(b)**

प्रथम कारखाना अधिनियम, 1881 ई. में पारित किया गया था, परंतु यह अधिनियम अपर्याप्त मापदंड जैसा साबित हुआ। इसमें केवल ऐसे मजदूर जो बच्चे थे, उन्हीं के सुरक्षा से संबंधित प्रावधान बनाया गया था। इस अधिनियम में महिला मजदूरों से संबंधित कोई प्रावधान नहीं बनाया गया था। अतः इस अधिनियम से मजदूर सामान्यतः निराश थे। एन.एम. लोखंडे (Narayan Meghaji Lokhande) भारत में मजदूर आंदोलन संगठित करने में अग्रगामी थे। 19वीं शताब्दी में वे न केवल हथकरघा एवं कपड़े की मिलों में मजदूरों की दयनीय स्थिति में सुधार करने के लिए याद किए जाते हैं, बल्कि जाति एवं संप्रदाय जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने साहसिक पहल कीं। अतः केवल कथन 2 सत्य है।

**102. निम्नलिखित में से किसे भारत में 'स्थानीय स्वायत्त शासन' का जनक माना जाता है?**

(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कैनिंग

(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड रिपन

**U.P. P.C.S. (Pre) 2015**

**उत्तर—(d)**

लॉर्ड रिपन के कार्यकाल में प्रस्तुत स्थानीय स्वशासन प्रस्ताव 1882 ई. से भारत में आधुनिक स्थानीय स्वशासन का प्रारंभ माना जाता है। लॉर्ड रिपन को स्थानीय स्वशासन का पिता कहा जाता है। इन्होंने प्रांतीय सरकारों को आज्ञा दी कि वे प्रांतीय तथा स्थानीय नागरिक वित्तीय साधनों का एक सर्वेक्षण करें, जिससे यह निश्चय किया जा सके कि किन-किन मदों का आम व्यय स्थानीय प्रशासन के सुपुर्द किया जा सकता है।

**103. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) स्थानीय स्वशासन - लॉर्ड लिटन

(b) सहायक संधि - लॉर्ड वेलेजली

(c) राज्य - अपहरण नीति - लॉर्ड डलहौजी

(d) स्थायी बंदोबस्त - लॉर्ड कॉर्नवालिस

**R.O./A.R.O. (Pre.) 2017**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**104. सूची-I को सूची-II से मिलाइए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (1) क्लाइव | A. प्रेस पर से प्रतिबंध हटाना |
| (2) बेंटिक | B. बंग विभाजन |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| (3) चार्ल्स मेटकाफ | | C. बंगाल में दोहरा शासन | |
| (4) कर्जन | | D. अंग्रेजी शिक्षा | |

कूट :

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (a) | C | D | A | B |
| (b) | D | A | C | B |
| (c) | B | D | C | A |
| (d) | C | B | A | D |

U.P. P.C.S. (Pre) 1994

उत्तर–(a)

क्लाइव ने 1765 ई. में बंगाल में द्वैध शासन प्रणाली लागू की। बैंटिक के कार्यकाल में ही मैकाले द्वारा आधुनिक शिक्षा की नींव रखी गई। अपने प्रस्तावों में मैकाले की योजना यह थी कि "एक ऐसा वर्ग बनाया जाए जो रंग तथा रक्त से तो भारतीय हो, परंतु प्रवृत्ति, नैतिकता तथा बुद्धि से अंग्रेज हो।" मैकाले का विचार 7 मार्च, 1835 को एक प्रस्ताव द्वारा अनुमोदित कर दिया गया, जिसमें यह निश्चय हुआ कि उच्च स्तरीय प्रशासन की भाषा अंग्रेजी होगी। चार्ल्स मेटकाफ ने प्रेस पर से प्रतिबंध हटाया, इसलिए उसे 'समाचार-पत्रों का मुक्तिदाता' कहा जाता है। कर्जन के काल में वर्ष 1905 में बंगाल का विभाजन हुआ था।

**105. सूची-I को सूची-II से मिलाइए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| I. लॉर्ड डलहौजी | A. सती प्रथा का निषेध |
| II. लॉर्ड विलियम बैंटिक | B. स्वायत्त शासन |
| III. लॉर्ड रिपन | C. बंगाल का विभाजन |
| IV. लॉर्ड कर्जन | D. व्यपगत का सिद्धांत |

कूट :

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | D | A | B | C |
| (b) | D | B | A | C |
| (c) | A | B | C | D |
| (d) | C | A | B | D |

U.P. P.C.S. (Pre) 1995

उत्तर–(a)

व्यपगत का सिद्धांत डलहौजी (1848-1856 ई.) से जुड़ा है, इस सिद्धांत के द्वारा कुछ महत्वपूर्ण रियासतें यथा–सतारा, जैतपुर, संभलपुर, बघात, उदयपुर, झांसी एवं नागपुर विलय कर ली गईं। विलियम बैंटिक ने 1829 के 17वें नियम द्वारा सती प्रथा का अंत किया। लॉर्ड रिपन के कार्यकाल का सबसे महत्वपूर्ण कार्य स्थानीय स्वशासन पर सरकारी प्रस्ताव था। बंगाल का विभाजन वर्ष 1905 में कर्जन ने किया था।

**106. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (गवर्नर-जनरल और घटना) सुमेलित है?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस-रेग्युलेटिंग एक्ट

(b) लॉर्ड वेलेजली-स्थायी बंदोबस्त

(c) लॉर्ड एलेनबरो-सिंध का विलय

(d) लॉर्ड डलहौजी-प्रथम अफगान युद्ध

Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2009

उत्तर–(c)

लॉर्ड एलेनबरो (1842-44 ई.) के समय में 1843 ई. में सिंध का विलय किया गया।

**107. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की स्थापना किसके काल में हुई थी?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स
(b) लॉर्ड वेलेजली
(c) लॉर्ड कर्जन
(d) लॉर्ड विलियम बैंटिक

U.P. Lower (Pre) 2009

उत्तर–(c)

भारत में पुरातत्व सर्वेक्षण संबंधी प्रयास 1784 ई. में कलकत्ता में विलियम जोंस द्वारा एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना के साथ प्रारंभ हुए थे। 1861 ई. में लॉर्ड कैनिंग द्वारा अलेक्जेंडर कनिंघम को पुरातात्विक सर्वेक्षक नियुक्त किया गया था तथा 1871 ई. में पुरातात्विक सर्वेक्षण के लिए सरकार में अलग विभाग बनाया गया। लॉर्ड कर्जन के कार्यकाल (1899-1905 ई.) के दौरान, वर्ष 1901 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) को एकीकृत एवं केंद्रीकृत स्वरूप देते हुए जॉन मार्शल को इसका नया महानिदेशक नियुक्त किया गया।

**108. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की स्थापना हुई थी–**

(a) लॉर्ड कर्जन के काल में

(b) लॉर्ड वेलेजली के काल में

(c) लॉर्ड विलियम बैंटिक के काल में

(d) वॉरेन हेस्टिंग्स के काल में

U.P.P.C.S. (Mains) 2010

उत्तर–(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**109. निम्नलिखित में से किसने 'पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग' की स्थापना की थी?**

(a) लॉर्ड कर्जन
(b) लॉर्ड मिंटो
(c) लॉर्ड हार्डिंग
(d) लॉर्ड चेम्सफोर्ड

Chhattisgarh P.S.C. (Pre) 2018

उत्तर–(*)



Scanned with OKEN Scanner

1871 ई. में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग बनाया गया। उस समय गवर्नर जनरल अर्ल ऑफ मेयो थे तथा ड्यूक ऑफ अर्गिल सेक्रेटरी ऑफ स्टेट थे। अर्गिल के सुझाव पर ही पुरातत्व विभाग बनाया गया था। दिए गए विकल्पों में मेयो या अर्गिल किसी का नाम न होने के कारण छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न को निरस्त कर दिया था।

**110. प्राचीन स्मारक संरक्षण एक्ट किस गवर्नर जनरल के कार्यकाल में पारित हुआ था?**

(a) लॉर्ड मिंटो (b) लॉर्ड लिनलिथगो

(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड कैनिंग

**U.P. P.C.S. (Mains) 2005**

**U.P.U.D.A/L.D.A. (Spl.) (Mains) 2010**

**उत्तर–(c)**

प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम, 1904 के द्वारा लॉर्ड कर्जन ने भारत में पहली बार ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा एवं मरम्मत की ओर ध्यान देते हुए 50000 पौंड की धनराशि का आवंटन किया था।

**111. भारत में कर्जन के प्रशासन की तुलना औरंगजेब से किसने की थी?**

(a) बी.जी. तिलक (b) जी.के. गोखले

(c) दादाभाई नौरोजी (d) एनी बेसेंट

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(b)**

लॉर्ड कर्जन ने अपने वायसराय काल (1899-1905 ई.) में भारतीय जनमानस की आकांक्षाओं की पूर्णतः अवहेलना करते हुए भारत में ब्रिटिश शासन को सुदृढ़ करने का प्रयास किया। गोपाल कृष्ण गोखले ने कर्जन के प्रशासन की तुलना मुगल सम्राट औरंगजेब से की थी।

**112. इम्पीरियल कैडेट कॉर्प्स की स्थापना किसने की?**

(a) लॉर्ड मिंटो (b) लॉर्ड कर्जन

(c) लॉर्ड लिटन (d) लॉर्ड रिपन

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63rd B.P.S.C. (Pre) Exam. 2017**

**उत्तर–(b)**

लॉर्ड कर्जन ने वर्ष 1901 में 'इम्पीरियल कैडेट कॉर्प्स' की स्थापना की। इसका उद्देश्य देशीय नरेशों के राजकुमारों एवं सामंतों के पुत्रों को सैनिक शिक्षा का प्रबंध करना था।

**113. भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान निम्नलिखित वायसरायों पर विचार कीजिए–**

**1. लॉर्ड कर्जन** **3. लॉर्ड चेम्सफोर्ड**

**2. लॉर्ड हार्डिंग** **4. लॉर्ड इरविन**

**उपर्युक्त की पदावधियों का सही कालानुक्रम है–**

(a) 1-2-3-4 (b) 2-4-1-3

(c) 1-4-2-3 (d) 2-3-1-4

**I.A.S. (Pre) 2004**

**उत्तर–(a)**

प्रश्नगत वायसरायों का सही कालानुक्रम निम्नलिखित है–

1. लॉर्ड कर्जन – 1899-1905 ई.
2. लॉर्ड हार्डिंग – 1910-1916 ई.
3. लॉर्ड चेम्सफोर्ड – 1916-1921 ई.
4. लॉर्ड इरविन – 1926-1931 ई.

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**114. असैनिक प्रशासन 1905 के संदर्भ में, कौन-सा कथन सही है/हैं?**

**1. लॉर्ड कर्जन ने प्रांतीय सीमाओं को पुनर्गठित करने का निर्णय लिया।**

**2. पूर्वी बंगाल और आसाम नामक एक नया प्रांत बनाया गया।**

**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए -**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2 दोनों

(c) केवल 2 (d) न तो 1 और न ही 2

**U.P.P.C.S. (Pre) 2019**

**उत्तर–(b)**

वर्ष 1905 में गवर्नर जनरल लॉर्ड कर्जन ने प्रांतीय सीमाओं को पुनर्गठित करने का निर्णय लिया। इसने बंगाल को दो भागों में बांटकर 'पूर्वी बंगाल और आसाम' नामक एक नया प्रांत बनाया तथा बंगाल के पश्चिमी भाग में बंगाल, बिहार, उड़ीसा, छोटानागपुर को शामिल किया। इसके अतिरिक्त उसने मद्रास और मध्य प्रांत की सीमाओं में भी बदलाव किया था।

**115. 'फूट डालो और राज्य करो' की रणनीति अपनाई गई थी–**

(a) लॉर्ड कर्जन द्वारा (b) लॉर्ड मिंटो द्वारा

(c) लॉर्ड डलहौजी द्वारा (d) लॉर्ड वेलेजली द्वारा

**U.P.R.O./A.R.O. (Pre) 2014**

**उत्तर–(a&b)**

'फूट डालो और राज्य करो' की रणनीति लॉर्ड कर्जन एवं लॉर्ड मिंटो दोनों के द्वारा अपनाई गई थी। इस नीति के तहत मिंटो ने पृथक निर्वाचन प्रणाली को प्रोत्साहित किया था। लॉर्ड कर्जन के शासनकाल में ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट रूप से मुस्लिम समर्थक और हिंदू विरोधी नीति अपनाई। इस नीति के ही प्रतीक के रूप में वर्ष 1905 में बंगाल विभाजन किया गया। बंग-भंग का उद्देश्य प्रशासन की सुविधा उत्पन्न करना नहीं था, जैसा दावा किया गया था, बल्कि इसके दो स्पष्ट उद्देश्य थे- एक हिंदू- मुस्लिम को लड़ाना और दूसरे नवजाग्रत बंगाल को चोट पहुंचाना।



Scanned with OKEN Scanner

116. "मुझे विश्वास है कि कांग्रेस अपने विनाश की तरफ जा रही है और मेरी यह बड़ी इच्छा भारत में रहते होगी कि इसके शांतिप्रिय निधन के लिए इसका सहायक बनूं।" यह किसने लिखा?

(a) लॉर्ड लिटन (b) लॉर्ड डफरिन

(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड मिंटो

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**B.P.C.S. (Pre) 2016**

उत्तर—(c)

अंग्रेज शासक समझते थे कि नरमपंथियों के नेतृत्व में कांग्रेस काफी कमजोर है, जनता में इसकी पैठ नहीं है, अत: इसे खत्म किया जा सकता है। इस नीति के सबसे बड़े प्रवक्ता थे- लॉर्ड कर्जन। वर्ष 1900 में कर्जन ने ब्रिटिश सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को लिखा "मुझे विश्वास है कि कांग्रेस अपने विनाश की तरफ जा रही है और मेरी यह बड़ी इच्छा भारत में रहते होगी कि इसके शांतिप्रिय निधन के लिए इसका सहायक बनूं।" वर्ष 1903 में उन्होंने मद्रास गवर्नर को लिखा "जब से मैं भारत आया हूं, मेरी नीति यही रही है कि किसी भी तरह कांग्रेस को नपुंसक बना दूं।" कर्जन ने कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इंकार कर दिया था।

117. इनमें से किस गवर्नर जनरल ने सबसे पहले 'पृथक निर्वाचन मंडल' की व्यवस्था, मुसलमानों को जीतने व उन्हें कांग्रेस के विरुद्ध करने के लिए इस्तेमाल की?

(a) लॉर्ड कर्जन (b) लॉर्ड डफरिन

(c) लॉर्ड हार्डिंग (d) लॉर्ड मिंटो

**M.P. P.C.S. (Pre) 1997**

उत्तर—(d)

नवंबर, 1905 में लॉर्ड कर्जन के स्थान पर लॉर्ड मिंटो को भारत का वायसराय नियुक्त किया गया तथा जॉन मार्ले को भारत सचिव नियुक्त किया गया। इनके द्वारा किए गए सुधारों को मार्ले-मिंटो सुधार (1909 ई.) के नाम से जाना जाता है। इस अधिनियम के द्वारा मुसलमानों के लिए पहली बार पृथक मताधिकार तथा पृथक निर्वाचन क्षेत्रों की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य मुसलमानों को कांग्रेस के विरुद्ध करना था।

118. निम्नलिखित में से कौन भारत का एकमात्र यहूदी वायसराय था?

(a) लॉर्ड कर्जन (b) लॉर्ड कैनिंग

(c) लॉर्ड इर्विन (d) लॉर्ड रीडिंग

**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2014**

उत्तर—(d)

भारत का एकमात्र यहूदी वायसराय लॉर्ड रीडिंग (1921-1926 ई.) था। इसके समय चौरी-चौरा कांड, स्वराज पार्टी का गठन तथा रौलेट एक्ट का निरसन हुआ।

119. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है-

(a) पिट्स इंडिया एक्ट - वॉरेन हेस्टिंग्स

(b) डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स - डलहौजी

(c) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट - कर्जन

(d) इल्बर्ट बिल - रिपन

**I.A.S. (Pre) 2004**

उत्तर—(c)

वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट या भारतीय भाषा समाचार-पत्र अधिनियम, 1878 में लॉर्ड लिटन के काल में पारित किया गया। इस अधिनियम को 'मुंह बंद करने वाला अधिनियम' भी कहा गया। सरकार अवांछनीय विषयों को प्रकाशित करने के अपराध में संबद्ध पत्र को चेतावनी दे सकती थी अथवा उससे जमानत ले सकती थी, जमानत को जब्त कर सकती थी और यदि यह अपराध पुन: किया जाता था, तो सरकार छापाखाने को भी जब्त कर सकती थी। अर्सकिन पेरी ने इस अधिनियम को 'विपरीतगामी और असंगत' तथा भारत की भावी प्रगति के लिए 'घातक पग' बताया। एस.एन. बनर्जी ने इसे 'आकाश से वज्रपात' कहा है। इस अधिनियम के अधीन–सोम प्रकाश, भारत मिहिर, ढाका प्रकाश, सहचर तथा अन्य अनेक समाचार-पत्रों के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए। प्रश्नगत अन्य तीनों युग्म सुमेलित हैं।

120. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) ठगी का दमन – विलियम बेंटिक

(b) इल्बर्ट बिल – रिपन

(c) रिंग फेंस की नीति – वॉरेन हेस्टिंग्स

(d) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट – कर्जन

**R.A.S./R.T.S (Pre) 2016**

उत्तर—(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

121. ब्रिटिश भारत की राजधानी का कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरण किसके काल में क्रियान्वित हुआ?

(a) लॉर्ड मिंटो (b) लॉर्ड हार्डिंग

(c) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (d) लॉर्ड रीडिंग

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2006**

उत्तर—(b)

वायसराय लॉर्ड हार्डिंग के समय भारत की राजधानी का कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरण किया गया। वायसराय लॉर्ड हार्डिंग ने वर्ष 1911 में जॉर्ज पंचम एवं महारानी मेरी को भारत बुलाया तथा दिल्ली में भव्य दरबार का आयोजन किया, जिसे दिल्ली दरबार (तृतीय) के नाम से जानते हैं। इसी दरबार में बंगाल विभाजन को रद्द कर दिया गया तथा राजधानी के स्थानांतरण की घोषणा की गई।



Scanned with OKEN Scanner

122. सही जोड़े बनाइए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

(A) चूक का सिद्धांत/हड़प नीति (डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स) (1) कर्जन
(B) बंगाल का विभाजन (2) क्लाइव
(C) बंगाल में दोहरा शासन (3) डलहौजी
(D) सामाजिक सुधार (4) बेंटिक

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**M.P.P.C.S. (Pre) 2008**

उत्तर–(c)

सही सुमेल इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| चूक का सिद्धांत/हड़प नीति | – | डलहौजी |
| बंगाल का विभाजन | – | लॉर्ड कर्जन |
| बंगाल में दोहरा शासन | – | क्लाइव |
| सामाजिक सुधार | – | बेंटिक |

123. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए हुए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–

सूची-I

A. बंगाल में फोर्ट विलियम प्रेसीडेंसी का गवर्नर जनरल (रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773 के अधीन)
B. भारत का गवर्नर जनरल (चार्टर एक्ट, 1833 के अधीन)
C. भारत का गवर्नर जनरल और वायसराय (इंडियन काउंसिल एक्ट, 1858 के अधीन)
D. गवर्नर जनरल और सम्राट का प्रतिनिधि (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 के अधीन)

सूची-II

1. आर्किबाल्ड पर्सिवल वेवेल, वाइकाउंट और अर्ल वेवेल
2. जेम्स एंड्रूज ब्राउन-रैम्जे, डलहौजी का अर्ल और मार्किस
3. चार्ल्स कार्नवालिस, कार्नवालिस का दूसरा अर्ल और पहला मार्किस
4. गिलबर्ट जॉन इलियट-मरे-कीनिन्मांड, मिंटो का अर्ल
5. लुई माउंटबेटन, बर्मा का अर्ल माउंटबेटन

कूट :

(a) A-3, B-2, C-4, D-1 (b) A-3, B-4, C-1, D-5
(c) A-2, B-3, C-4, D-5 (d) A-4, B-2, C-3, D-1

**I.A.S. (Pre)1996**

उत्तर–(a)

अंग्रेजों द्वारा बंगाल के अधिग्रहण के उपरांत कंपनी के कार्यों को नियंत्रित करने के लिए रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773 ब्रिटिश संसद द्वारा पारित किया गया। इसी एक्ट के तहत कंपनी के गवर्नर को बंगाल का गवर्नर जनरल बना दिया गया। बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल के रूप में वॉरेन हेस्टिंग्स की नियुक्ति की गई।

यद्यपि विकल्प में वॉरेन हेस्टिंग्स नहीं है, तो उसका उत्तरवर्ती कॉर्नवालिस कालक्रमानुसार उत्तर होगा।

इस प्रकार प्रश्नानुसार,

| | | |
|---|---|---|
| 1833 का एक्ट | – | डलहौजी की नियुक्ति |
| 1858 का एक्ट | – | मिंटो की नियुक्ति |
| 1935 का एक्ट | – | वेवेल की नियुक्ति |

124. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

| सूची - I (स्थान) | सूची -II (अंग्रेजों द्वारा विलय का वर्ष) |
|---|---|
| A. संभलपुर | 1. 1848 |
| B. सतारा | 2. 1849 |
| C. अवध | 3. 1854 |
| D. झांसी | 4. 1856 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**U.P. P.C.S. (Mains) 2017**

उत्तर–(b)

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| सूची-I (स्थान) | सूची-II (अंग्रेजों द्वारा विलय का वर्ष) |
|---|---|
| संभलपुर | 1849 ई. |
| सतारा | 1848 ई. |
| अवध | 1856 ई. |
| झांसी | 1854 ई. |

125. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उनको कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–

I. सिक्किम का विलय II. झांसी का विलय
III. पंजाब का विलय IV. बर्मा का विलय

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।



Scanned with OKEN Scanner

कूट :

(a) I, II, III, IV (b) III, I, IV, II

(c) II, IV, I, III (d) I, III, II, IV,

**U.P. R.O./ A.R.O. (Mains) 2016**

**उत्तर–(b)**

विकल्पगत रियासतों के ब्रिटिश भारत में विलय का कालक्रम निम्न है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सिक्किम- | 1850 | पंजाब- | 1849 |
| बर्मा- | 1853 | झांसी- | 1854 |

**नोट-** 1850 में सिक्किम का आंशिक क्षेत्र (दार्जिलिंग और तराई का कुछ भाग) का ब्रिटिश भारत में विलय हुआ था। उसी तरह प्रथम आंग्ल-बर्मा युद्ध द्वारा 1826 में आसाम, मणिपुर, कछार, अराकन प्रांत आदि क्षेत्रों का ब्रिटिश भारत में विलय हुआ।

द्वितीय आंग्ल-बर्मा युद्ध द्वारा 1853 में पेगू का विलय कर लिया गया। तृतीय आंग्ल-बर्मा युद्ध द्वारा संपूर्ण बर्मा का विलय भारत में कर दिया गया।

उपर्युक्त प्रश्न में दिए गए विकल्प को कालक्रम में व्यवस्थित करने के लिए सिक्किम का आंशिक विलय (1850) तथा बर्मा का पेगू विलय के अनुसार मानने पर सटीक उत्तर (b) प्राप्त होगा।

**126. निम्न में से किस वायसराय के कार्यकाल में भारतीयों को 'राय बहादुर' और 'खान बहादुर' उपाधियां प्रदान करना प्रारंभ हुआ?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड लिटन

(c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड डफरिन

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**B.P.C.S. (Pre.) 2016**

**उत्तर–(e)**

1857 के विद्रोह के समय अंग्रेजों की सहायता करने वाले देशी शासकों, जमींदारों आदि को अपना विश्वासपात्र बनाने के लिए उन्हें उपाधियां, खिलअत, भूमि अनुदान, ऋण माफी आदि सुविधाएं प्रदान की जाने लगीं। इनमें हिंदुओं को दी जाने वाली प्रमुख उपाधि 'राय बहादुर' तथा मुस्लिमों एवं पारसियों को दी जाने वाली समकक्ष उपाधि 'खान बहादुर' थी। 1859 एवं 1860 ई. से इन उपाधियों को दिए जाने के साक्ष्य मिलते हैं।

Scanned with OKEN Scanner